हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)

No. BSEH/SEC/2025 **Circular No.-02**

Dated : 07-02-2025

"प्रेस नोट"

सभी सम्बन्धित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डी0एल0एड0 परीक्षा अगस्त/सितम्बर/अक्टूबर–2024 का परिणाम दिनांक 08.02.2025 को घोषित किया जा रहा है। छात्र–अध्यापक परीक्षा परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वैबसाईट **www.bseh.org.in** पर देख सकते हैं। छात्र–अध्यापकों की **Performance Sheets** शिक्षण संस्थाओं की **Login ID** पर भेजी जाएंगी तथा परीक्षा में रि–अपीयर रहे परीक्षार्थियों के आवेदन–पत्र सम्बन्धित संस्था की **Login ID** पर उपलब्ध पैनल के माध्यम से ऑनलाईन भरे जाएंगे। प्रवेश वर्ष 2023–2025 से संबधित डी0एल0एड0 परीक्षा अगस्त/सितम्बर/अक्टूबर–2024 में रि–अपीयर रहे छात्र–अध्यापकों के लिए आगामी (रि–अपीयर) परीक्षा फरवरी/मार्च–2025 हेतु आवेदन करने के लिए दिनांक 09.02.2025 से दिनांक 14.02.2025 तक तिथियां निर्धारित की गई हैं। अतः सभी संबंधित शिक्षण संस्थानों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथियों में ही ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने का कष्ट करें। इसके उपरान्त आवेदन का अवसर नहीं दिया जाऐगा।

डी0एल0एड0 (रि–अपीयर) छात्र–अध्यापकों के लिए परीक्षा शुल्क 800/–रूपये प्रति विषय है तथा एक से अधिक विषयों में (रि–अपीयर) परीक्षा शुल्क 200/–रूपये प्रति विषय अतिरिक्त तथा अधिकतम परीक्षा शुल्क 2000/–रूपये निर्धारित हैं।

सचिव

Hansi Road, Bhiwani-127021
www.bseh.org.in

स्वच्छ भारत
शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
Digital India
Power To Empower